11/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 16वां रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्तियाँ केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन ईटानगर में राज्य के 22 जिलों की 100 लखपति दीदियों के साथ बातचीत की। राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया और आश्वासन दिया कि कोल्ड स्टोरेज, बाजार में पहुँच और ट्रांस्पोर्टेशन से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित किया जा रहा है। इस अवसर पर, तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयं सहायता समूहों, सागली के **Mete Dene Cluster Level Federation**, संग्राम की **Namker Kiyer Mother's Kitchen Unit** और पासीघाट के **Engo Koje** स्वयं सहायता समूह को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अरुणाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों के साथ बातचीत की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री खांडू ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग का मूल्य केवल कपड़े और शिल्प तक ही सीमित नहीं है। यह सम्मान, आत्मनिर्भरता और हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धड़कन को बनाए रखने से जुड़ा है।

0000000000000000000000

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। यह दिवस हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है। यह जनसंख्या संबंधी चिंताओं को दूर करने और एक स्थायी भविष्य की दिशा में काम करने का एक अवसर है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उपमुख्यमंत्री, चाउना मेन ने कहा कि स्थायी जनसंख्या वृद्धि केवल संख्याओं के बारे में नहीं है; यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और उन्नति के अवसर प्राप्त हों।

0000000000000000000000

डिप्युटी स्पीकर कार्दो न्यिग्योर ने कल लोअर सियांग के नए हेड-क्वार्टर, सिजी का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य ज़मीनी हकीकत का आकलन करना और सिजी को वाइब्रेंट एवं कुशल प्रशासनिक केंद्र के रूप में बदलने के लिए एक सुसंगठित विकासात्मक रोडमैप तैयार करना था।

क्षेत्रीय निरीक्षण और परामर्श के दौरान, डिप्युटी स्पीकर और एडमिनिस्ट्रेटीव टीम ने स्थानीय हितधारकों के साथ एक रणनीतिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए संवाद किया।

0000000000000000000000

बांदरदेवा पुलिस द्‌वारा एक अभियान में आज निया कॉलोनी, बांदरदेवा के पास एनपीडीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित पदार्थ के इलीगल ट्रांपोर्टेशन रोका गया। तलाशी के दौरान, टीम को दो साबुन के डिब्बे और संदिग्ध पदार्थों से भरी चार शीशियाँ मिलीं, जिनका वजन 27.72 ग्राम था। बांदरदेवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

0000000000000000000000

राज्य के कानून मंत्री एवं पापुम पारे जिले के गार्डियन मिनिस्टर केंतो जिनी, ने कल सिविल सेक्रवेटेरियट में पापुम पारे के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग ऑफ़िस द्‌वारा आयोजित इस बैठक में पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव और जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने भाग लिया। अपने संबोधन में, श्री जिनी ने सरकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं के प्रभावी और समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में विभागाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

यिंगकिओंग के महिला एवं बाल विकास विभाग ने टाउनशिप के कई सरकारी स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों को महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए एक संसीटाईजेशन और जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम में मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता और इसके दुष्प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह पहल नशा मुक्त भारत अभियान, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य का एक हिस्सा है।

0000000000000000000000

आज अपर सियांग ज़िले के केपांगला पास पर वार्षिक स्मॉक ऑफ़रिंग सेरेमनि का आयोजन किया गया। हर साल, यह समारोह बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है, जो मेम्बा लोगों द्वारा अपने पूर्वजों की परंपराओं और मातृभूमि के साथ अटूट बंधन को दर्शाता है। इस अनुष्ठान में पर्यावरण शुद्धि, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और सभी के कल्याण की आकांक्षाएँ समाहित होती है।

0000000000000000000000

नाताम गाँव के एक स्थानीय युवक की कल दापोरिजो स्थित बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में करंट लगने से मौत हो गई। मृतक बिजली विभाग में कोंटिजेंसी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। इस बीच, मृतक के परिजनों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप करने और घटना में दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

0000000000000000000000

विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगटे ने कल विधायक चाउ झिगनु नामचूम की उपस्थिति में, दोईमुख स्थित बौम काकिर मिशन स्कूल में **"लेट्स स्पीक अरुणाचल"** कार्यशाला का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, अध्यक्ष ने **"लेट्स टॉक अरुणाचल"** की संस्थापक **पोर्सुम ओरी** की इस पहल की सराहना की और इस तरह के सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना भी की।

0000000000000000000000